# श्याम धनी आने में जो देर लगाओगे

श्याम धनी आने में, जो देर लगाओगे,
इतना समझलो हारे हुए को और हराओगे ॥

लिखा तेरे मंदिर पे, "हारे का सहारा",
इसी नाम से है बाजे, डंका तुम्हारा,
क्या अपने नाम पे बाबा, तुम दाग लगाओगे ॥

खिंच करके नैया तेरी, चौखट पे लाया,
मांझी बनाकर तुमको, नाव में बिठाया,
तुम जिस नैया में बैठे, क्या उसे डुबाओगे ॥

नैया भवर में जिसकी, तुम्हे ढूंढ़ता है,
तेरी गली का, पता पूछता है,
क्या अपनी गली का रास्ता, तुम बंद करवाओगे ॥

ये ना समझना खाली हारे हुए है,
'बनवारी" जबसे हारे, तुम्हारे हुए है,
मेरी लाज नहीं ये, तुम खुद की गवाओगे ॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8615/title/shyam-dhani-aane-me-jo-der-lagaaoge-itna-smjhlo-haare-huye-ko-or-haraogye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |